आजमगढ़ का हरिहरपुर बनेगा टूरिस्ट प्लेस

परिवहन राज्यमंत्री ने किया आजमगढ़ महोत्सव का उद्घाटन

लखनऊ (ब्यूरो)। आजमगढ़ का हरिहरपुर टूरिस्ट प्लेस के रूप में विकसित होगा। इसके लिए सरकार एक करोड़ रुपये खर्च करेगी। रविवार को पर्यटन भवन में आजमगढ़ महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर यह घोषणा की गई। समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को करना था लेकिन उनका कार्यक्रम अचानक निरस्त होने से परिवहन राज्यमंत्री यासर शाह ने उद्घाटन किया। समारोह में मौजूद डीजी टूरिज्म नवनीत सहगल ने आजमगढ़ की कला की तरफ पर्यटकों का ध्यान दिलाने के लिए हरिहरपुर को टूरिस्ट प्लेस बनाने की घोषणा की।

मंत्री ने कहा, आज पूरी दुनिया स्विस चॉकलेट की फैन है। इसकी वजह केवल ब्रांडिंग और मार्केटिंग है। हमें इससे सीखना चाहिए। हमें अपनी कला और ज्ञान की ब्रांडिंग करनी होगी। महोत्सव तीन अप्रैल तक चलेगा। समारोह में इंडियन ट्रस्ट फॉर रूरल हेरिटेज एंड डवलपमेंट संस्था के चेयरमैन एसके मिश्र भी मौजूद रहे।

आजमगढ़ महोत्सव के दौरान लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते परिवहन राज्यमंत्री यासर शाह व डीजी टूरिज्म नवनीत सहगल।

एक करोड़ होंगे खर्च

नवनीत सहगल ने बताया कि आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव के सांस्कृतिक गायन की देश-दुनिया में पहचान है। इसे पर्यटन से जोड़ने का काम शुरू हो गया है। वहां टूरिस्ट प्लेस बनाया जा रहा है। इसके लिए एक करोड़ रुपये राज्य सरकार से मिल गए हैं। आजमगढ़ के ही मुबारकपुर (सिल्क) और निजामाबाद (ब्लैक पॉटरी) को भी इससे जोड़कर एक क्राफ्ट ट्रेल बनाने की योजना है। ये दोनों जगहें वाराणसी के निकट होने से काफी महत्वपूर्ण हैं।